




## एक नजर में

### दूरदराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का.** हर बार की तरह इस बार भी मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समस्याओं के 85 आवेदन आये. इनका मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निराकरण किया गया. जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल व प्रभारी कलेक्टर श्यामबीर सिंह, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती निधि भारद्वाज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे. जनसुनवाई में दूर- दराज से आए ग्रामीणों व आमजनों को प्रभारी कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवेदकों की समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. जन सुनवाई मे लगभग 85 आवेदन प्राप्त हुए. गौरतलब है कि प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए उनका निराकरण किया जाता है.

### संविधान की उद्देशिका का किया वाचन

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का.** संविधान दिवस के अवसर पर अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान ने कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी-कर्मचारियों उपस्थित में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया. इस अवसर पर संविधान की विशालता, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला गया. सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है. गरीब और अमीर सभी को समान अधिकारों का लाभ प्राप्त हो रहा है. इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज सहित सभी जिला अधिकारीगण- कर्मचारी मौजूद रहे.

### सम्मान समारोह आयोजित

**छापीहेड़ा 26 नवंबर, सं.** विद्याभारती मध्यभारत प्रांत द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर में आज सम्मान समारोह आयोजित किया गया.जिसमे केशव बाल कल्याण समिति के सचिव श्रीराम नागर,दिनेश चौधरी समिति सदस्य एवं प्राचार्य सुभाष दांगी द्वारा हमारे पूर्व छात्र भैया सुनील दांगी नाटाराम से,भैया गुरुप्रसाद दांगी केसरपुरा से, भैया विनोद वर्मा नांदनी से,और भैया हेमंत कुशवाह छापीहेड़ा से,सभी भैयाओ को अग्नि वीर में चयनित होने पर विद्यालय में भैयाओ को पुष्पमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए. इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव कथन में कहा कि उनको लक्ष्य हासिल करने में विद्यालय के अनुशासन ने उनकी मदद की.

### संविधान देश की आत्मा है

**झाडला 26 नवंबर, सं.** संविधान दिवस के मौके पर शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय झाडला में संविधान दिवस मनाया गया. अध्यनरत कक्षा 6 टी से 12 वी तक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षक मनोज सक्सेना ने बताया की 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा संविधान का निर्माण किया गया, जो 26 जनवरी 1950 को देश मे लागू हुआ था. शिक्षक प्रकाश उपाध्याय ने कहा यह दिन डॉ भीम राव अंबेडकर को याद करने का दिन है जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है. संविधान देश की आत्मा है. उच्च शिक्षक देव सिंह राठौर, भारत सिंह सूर्यवंशी ने संविधान के मूल्यों को अपनाने और लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प की शपथ बच्चों को दिलाई गई. इस मौके पर संस्था प्राचार्य डॉ अशोक जाटव, शिक्षक ब्रजेन्द्र देरवाल, सुषमा मिश्रा, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# हमारी बेटियों पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं होगी

## ब्राह्मण समाज ने प्रदेश भाजपा सरकार से आईएएस की बर्खास्तगी की मांग की, शाम तक नहीं हुई एफआईआर दर्ज

**ब्यावरा में एफआईआर की मांग को लेकर थाना परिसर में किया प्रदर्शन**

**आईएएस सन्तोष वर्मा द्वारा अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सड़कों पर उतरा ब्राह्मण समाज**



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/नरसिंहगढ़ 26 नवम्बर, का.** समाज की बेटियों को लेकर आईएएस सन्तोष वर्मा द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर नगर सहित जिले में समाज बंधुओं में भारी आक्रोश है. बुधवार को ब्यावरा में पुतला दहन कर संबंधित पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर सिटी पुलिस थाना परिसर में एक घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया गया. अधिकारियों के आश्वासन पश्चात धरना समाप्त हो सका. इसी तरह नरसिंहगढ़ में भी पुतला दहन कर बयान को लेकर गहरा आक्रोश जताया गया.

विदित है कि अमर्यादित टिप्पणी से जिले भर के समाज बंधुओं में काफी रोष व्याप्त है. ब्यावरा में पीपल चौराहा पर वक्ताओं ने अमर्यादित बयान देने वाले सन्तोष वर्मा पर कड़ी कार्यवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की. इसके बाद पुतला दहन कर समाज बंधु नारे लगाते हुए सिटी पुलिस थाने पहुंचे तथा पुलिस को एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया.

**सतत् चलता रहा हनुमान चालिसा पाठ-** थाने में एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी को आवेदन देकर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए समाज बंधु थाने के सामने बैठ गये और हनुमान चालिसा पाठ करने लगे. लगभग एक घंटे तक सतत् रुप से हनुमान चालिसा का पाठ चलता रहा.

### पुतला दहन कर कोतवाली में ज्ञापन सौंपा

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का.** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा राजगढ़ में विवादित बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा का पुतला दहन कर कोतवाली पहुंचकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई. देर शाम को पुतला दहन किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे. वक्ताओं ने कहा कि संतोष वर्मा द्वारा ब्राहम्ण समाज की बेटियों को लेकर विवादित बयान दिया गया है जो कि घोर निंदनीय है. ब्राह्मण समाज बहन बेटी का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा. इस तरह के विवादित बयान पर एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाई की जाये.

### अधिकारियों ने दिलाया भरोसा, खत्म हुआ प्रदर्शन

करीब एक घंटे तक एफआईआर की मांग को लेकर चले प्रदर्शन के बीच अधिकारीद्वय द्वारा कहा गया कि उनके आवेदन को जांच में लेते हुए गंभीरता से जांच की जाएगी. आवेदन को पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा जा रहा है. वहीं से कोई कार्यवाई संभव है.प्रदेश भर में सभी जगहों पर ज्ञापन लेकर उनको जांच में लिया गया है. इस आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया. इस दौरान समाज के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, वरिष्ठजन, मातृशक्ति, बड़ी संख्या में समाज के युवा, करणी सेना के सदस्यगण, अन्य समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए.

### खिलचीपुर में प्रदर्शन आज

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर में आज गुरुवार को अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा. आज दोपहर 1 बजे ब्राम्हण समाज द्वारा पुतला दहन कर थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा.



# 3 साल से चल रही गड़बड़ी, वॉल्वमैन से होगी वसूली

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इच्छित गढ़पाले द्वारा जल कर वसूली की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 26 नवम्बर, का.** राजगढ़ जिले के कुंडीबे सहित 3 दर्जन से अधिक ग्रामों में संचालित 24 घंटे जल प्रदाय योजना की समीक्षा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई. बैठक में जल सप्लाई वाले गांवों में शत प्रतिशत जल कर राशि जमा वसूलने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने जल निगम अधिकारियों से कहा कि जिन गांवों में कुछ नलों से सप्लाई बाधित होने या प्रेशर की समस्या है, वहां जांच कर तुरंत कार्यवाही और अवैध कनेक्शन काटने के निर्देश भी दिए.

साथ ही उन्होंने पंचायतों से कहा कि ग्रामों में सुचारु जल प्रदाय के लिए वॉल्व मैन रखना बहुत जरूरी है. इसलिए जहां आवश्यकता है, उन पंचायतों में वॉल्व मैन की नियुक्ति एक सप्ताह के भीतर की जाए. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजगढ़ श्री आशीष जोशी, जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी, डीपीएम आजीविका मिशन संदीप सोनी, मैनेजर विकास कुमार, सचिन दांगी, डीटीएल एसक्यूसी सत्येंद्र जैन सहित जल निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

### वॉल्वमैन पर राशि वसूली के निर्देश

बैठक में पाडल्याखेड़ी सरपंच द्वारा शिकायत की गई कि ग्राम में नियुक्त वॉल्वमैन द्वारा 3 सालों से जल कर राशि में गड़बड़ी की जा रही है.बार बार कहने पर भी जल कर वसूली का हिसाब नहीं दिया जा रहा. इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गढ़पाले द्वारा वॉल्वमैन को राशि वसूली कराने के निर्देश दिए.

### संविधान के बारे में बताया

**पड़ाना 26 नवंबर, सं.** 26 नवंबर संविधान दिवस के मौके पर नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को संविधान के बारे में बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा संविधान का निर्माण किया गया जो 26 जनवरी 1950 को लागू था.इस मौके पर संस्था प्राचार्य शिवनारायण वर्मा, जुनैद अंसारी, गरिमा जैन, प्रतिभा वागे, शिल्पा दागी, अंजलि भास्कर, ममता मालवीय, संगीता वर्मा, सविता वर्मा, स्वाति वर्मा, अब्दुल सत्तार अंसारी, सिद्धनाथ वर्मा, मोहनलाल नागर, मोहम्मद जफर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

## गुलावता मतदान केंद्र पर एसईआर कार्य पूर्ण होने पर बीएलओ का सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**पड़ाना 26 नवंबर, सं.** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र 164 अंतर्गत मतदान क्रमांक 144 ग्राम पंचायत गुलावता में मतदाताओं का सो फीसादी गणना पत्रक का डीजीटाईजैशन पूर्ण करने पर जनपद सदस्य दुर्गेश सोमानी गोविंद जगदीश आशीष चौधरी इत्यादि के द्वारा बीएलऔ पीरु लाल मालवीय, राजेश कुमार बरेठा एवं सहयोगी दल का फूल माला पहनकर बधाई दिए उनके कार्य की सराहना की.

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**झाडला 26 नवंबर, सं.** विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पचायत झाइला में किया जा रहा है. ग्राम पंचायत भवन बस स्टैण्ड पर सोजन्य से. देवीप्रसाद देरवाल,डॉ. एम.एस. चन्द्रावत, सचिव मनोहर लाल, डॉ. तृपति सिंह (महिला रोग विशेषज्ञ) डॉ. पीयूष जैन (मधुमेह रोग विशरोग ) उपस्थित रहेंगे. शिविर 28 नवम्बर 2025, दिन शुक्रवार समय सुबह 11 बजे से शाम 4 तक रहेगा. शिविर में दवाई और ईसीजी सुविधा फ्री रहेगी.

## रेमेडियल क्लास में बोर्ड की तैयारी कर रहे विद्यार्थी



**नवभारत न्यूज**
**पड़ाना 26 नवंबर, सं. हिंदी,अंग्रेजी,गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान संस्कृत अन्य विषयों के कमजोर छात्र-छात्राओं आत्मविश्वासी बनाने के लिए मध्य प्रदेश बोर्ड ने कक्षा नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल माड्यूल जारी किया.**

इसी के तहत नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल पड़ाना का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद कक्षा दसवीं की रिमेडियल क्लासेस प्रारंभ की गई.

संस्था प्रभारी शिवनारायण वर्मा की जानकारी देते हुए बताया कि कमजोर विषयों के छात्र छात्रों को सुबह 10 बजे से विषय वार प्रतिदिन क्लास लगाकर विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय तक पढ़ाया जा रहा है. उनकी कमजोरी को विशेष ध्यान दिया जा रहा है. जिससे स्कूल का आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर बन सके और छात्रों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने में मदद और छात्रों का भविष्य उज्जवल बनाएगा.

### बाबा अलमस्तनाथजी की समाधिक पर अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह

**नवभारत न्यूज,** ब्यावरा 26 नवम्बर, का. नगर में अजनार नदी तट पर स्थित श्री अलमस्तनाथजी महाराज के समाधि स्थल पर आज 27 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह का भव्य आयोजन होगा. जानकारी के अनुसार पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप अजनार नदी के तट पर मीना समाज धर्मशाला परिसर में स्थित समाधि स्थल पर भजन कीर्तन सप्ताहजी का आयोजन आज से प्रारंभ होगा.आयोजन का इस बार यह 65 वाँ वर्ष होगा. आज 27 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक आयोजन रहेगा. आयोजन में प्रसिद्ध भजन गायक तथा कीर्तन मंडल के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाती है. धर्मप्रेमी नागरिकों से अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह के आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है. आयोजन का शुभारंभ आज प्रात: 10.30 बजे होगा.



## प्रदेश भाजपाध्यक्ष खण्डेलवाल आज नरसिंहगढ़ में

### आज नरसिंहगढ़ में होगी जिला बैठक

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 26 नवम्बर, सं.** भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आज सोना कुंज नरसिंहगढ़ में आयोजित की जा रही है. बैठक में पहली बार जिले के दौरे पर आ रहे प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खण्डेरवाल विशेष रूप से शामिल होंगे. इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है. प्रदेशाध्यक्ष खण्डेरवाल पीलूखेड़ी से वाहनों के बड़े काफलि के साथ नरसिंहगढ़ पहुंचेंगे. उनके स्वागत को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही है. स्वागत स्थल से लेकर नगर तक जगह-जगह पर विशाल स्वागत द्वार, पुष्प वर्षा और बैनरों की व्यवस्था की जा रही है. विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता जगह-जगह प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत करेंगे.



भाजपा जिला संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों पर इस बैठक में महत्वपूर्ण चर्चा होगी. इस महत्वपूर्ण बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है. बैठक को लेकर शहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं.



## संसार में सबसे श्रेष्ठ मित्र पत्नि, सुदामा प्रसंग अनुकरणीय

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 26 नवंबर, सं.** नगर के नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में आयोजित श्री मद् भागवत कथा में अन्तिम दिवस सुदामा कृष्ण प्रसंग का वर्णन बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया. पं सुरेश बिहारी नागर ने भागवत कथा का संक्षिप्त सार मालवी भाषा शैली में सुनाया. जिसमें बताया कि मनुष्य जीवन में जब जब हमें समय मिले भगवान नाम सुमिरन करते रहना चाहिए. उन्होंने बताया कि संसार में सबसे श्रेष्ठ मित्र पत्नी होती है जो अपने पति को हर समय साथ देती है चाहे अच्छा समय या बुरा समय लेकिन पत्नी विचलित नहीं होती है. ब्राह्मण बनना सरल है लेकिन ब्राह्मणत्व अपनाया जाना कठिन है. दीन सुदामा जब निर्धनता से परेशान थे तब भगवान स्वयं बाहमण बनकर सुदामा के घर गये तथा सुदामा को एक बार कृष्ण के पास आने का आग्रह किया. सुदामा द्वारिका पहुंचे , जहां पर सुदामा निर्धनता से अमीर हुए उन्होंने कहा कि आशय सीधा है गरीबी हो या अमीरी लेकिन भगवान को भजते रहना चाहिए. पंडित नागर ने कहा की कृष्ण सुदामा की मित्रता आज भी लोगों के लिए प्रेरणादायी बनी हुई है अपने ईष्ट पर विश्वास रखने से परमात्मा की कृपा निश्चित रूप से होती है भागवत महापुराण का श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है. घर में सुख शांति और समृद्धि की कामना कर श्रीमद् भागवत् महापुराण की श्रद्धालु भक्तों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया. उक्त भागवत कथा का आयोजन मण्डलोई वकील चटठया परिवार द्वारा किया गया. कथा भजनों की थाप पं.कृष्णबिहारी नागर , हारमोनियम वादक बृजमोहन किरार , तबला पर संजु राव, पेड महेश राव ने शानदार प्रस्तुति दी.

### हनुमान मंदिर में हो रहे धार्मिक आयोजन

**पचोर 25 नवम्बर, सं.** नगर के श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरीया में पांचवा नि:शुल्क कन्या विवाह,श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं नो दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन चल रहा है, बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है.

मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई. जो प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची. श्रीराम कथा का आयोजन 25 नवम्बर से प्रारंभ होकर 3 दिसंबर तक चलेगा. कथा का वाचन विदुषी प्राची जी भक्ति वैष्णवी के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 तक किया जा रहा है. बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा का श्रवण का पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है.

**मुस्तैदी** ▶ **विद्युत वितरण कंपनी की चार टीमें रात्रि में करेगी गश्त, अवैध बिजली चलाने पर लिया निर्णय**

# कटे कनेक्शन दोबारा जोड़ने वालों को पकड़ेगा अमला

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 26 नवम्बर, का. विद्युत विभाग द्वारा अपनी बकाया राशि वसूली को लेकर समय-समय पर व्यापक अभियान चलाया जाता है, वर्तमान में नगर में बकायादारों के कनेक्शन डिसकनेक्ट करने की कार्यवाई की जा रही है किंतु कई ऐसे बकायादार जिनके कनेक्शन डिसकनेक्ट कर दिए गये उनके द्वारा शाम होते ही कनेक्शन पुन: जोड़कर बिजली चालू कर ली जाती है इस तरह के मामले सामने आने के बाद अब कंपनी के द्वारा रात्रि में सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्णय लेते हुए टीमे बना दी है.**




गौरतलब है कि विद्युत विभाग द्वारा बकाया वसूली अभियान के तहत बकायादारों से वसूली करते हुए बिल की राशि जमा नहीं करने वालों के विद्युत कनेक्शन डिसकनेक्ट किए जा रहे है.

बुधवार को लगभग 70 कनेक्शन डिसकनेक्ट किए गये. इनमें 2 हजार से अधिक राशि वाले बकायादार शामिल है. कंपनी का कहना है कि विगत दिवस से बकायादारों के कनेक्शन डिसकनेक्ट करने की कार्यवाई की जा रही है किंतु शाम होते ही कुछ बकायादारों द्वारा अपने समीप से निकलने वाली विद्युत केबल से तार डालकर बिजली चालू कर ली जा रही है, ऐसा करने वालों को रोकने के लिए अब कंपनी के द्वारा रात के समय चेकिंग अभियान शुरु किया जा रहा है.

### जन-जागरुकता हेतु मीडिया वर्कशाप आज

**राजगढ़ 26 नवंबर, का.** महाप्रबंधक मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड द्वारा स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ से अवगत कराने के साथ ही उपभोक्ता हित की योजना को जैसे समाधान योजना, 5 रुपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप तथा बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं बचाव के लिए जन जागरुकता हेतु मीडिया वर्कशाप का आयोजन 27 नवम्बर, 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा. जिसमें आप सभी सम्मानिय पत्रकार बंधू सादर आमंत्रित हैं.

### नगरीय क्षेत्र में चार टीमें करेंगी चेकिंग

विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय क्षेत्र में डिसकनेक्ट किए गये कनेक्शन पुन: जोड़कर बिजली चलाने वालों की निगरानी हेतु चार टीमे बनाई गई है, जो कि सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी में भ्रमण कर निगरानी रखेगी. टीम में आउटसोर्स वाले चार-चार कर्मचारी शामिल होंगे. यदि कोई केबल से बिजली लेकर विद्युत का उपयोग करते पाया जाता है तो ऐसे संबंधित के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी.